>

Title: Alleged black-marketing of urea in Jalore, Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल : धन्यवाद सभापति महोदय। मैं फिर से किसानों के संबंध में बोल रहा हूं। इसलिए थोड़ा-सा समय ज्यादा दीजिएगा। पिछले पांच साल से जालौर जिले में दिनेश एग्रो सेल्स यूरिया, पोटास और डीएपी की कालाबाजारी में पूरी तरह से लिप्त है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Those who want to associate may send the slips.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Sarvshri Neeraj Shekhar and Rakesh Sachan are permitted to be associated with the matter raised by Shri Ramkishun.

श्री देवजी एम. पटेल : हमारा जालौर जिला इससे बहुत परेशान है। इस संबंध में हमने कई बार प्रशासन को लिख कर दिया है। हमने माननीय मंत्री महोदय को और कृषि कमेटी में भी लिख कर दिया है। आज तक उस पर कार्रवाई नहीं हुई है। हमारे यहां बीस-पच्चीस दिनों से सभी किसान एवं व्यापारी धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन जिला प्रशासन उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। आज रबी की फसल के लिए यूरिया चाहिए। वहां पर आज यूरिया 281 रूपये के बदले 400 रूपये से 450 रूपये के दाम में मिल रहा है। जब हम कलेक्टर से बात करते हैं तो वह एक कमेटी बनाती है। महोदय, वह ऐसी कमेटी बनाती है जिसके अधिकारी को यह नहीं पता है कि एस्टिमेट और सेल बिल किसे कहते हैं? वह एस्टिमेट के आधार पर बोल देते हैं कि यह कालाबाजारी नहीं है बल्कि यह सही है। वहां पर किसानों ने यूरिया का एक ट्रक पकड़ा। उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया तो झूठा फार्म सब्मिट कर, जिसका वह फार्म नहीं है, पुलिस ने पकड़े हुए ट्रक को छोड़ दिया। जब हम ने कलेक्टर से बात की तो उन्होंने बोला कि हम संबंधित अधिकारी से बात करेंगे। हमने फर्टिलाइजर मिनिस्टर से बात की तो वहां के अधिकारी बोलते हैं कि यह स्टेट गवर्नमेन्ट का मैटर है और स्टेट गवर्नमेन्ट के लोग बोलते हैं कि यह केन्द्र का मैटर है। सभापति महोदय, फिर हम यहां एमपी बन कर क्यों आते हैं? क्या हम अपने किसानों की बात यहां नहीं रख सकते हैं? क्या केन्द्र उस को हैंडल नहीं कर सकता है? मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि फर्टिलाइजर मिनिस्ट्री हमें इन कालाबाजारी करने वाले पर रोक लगाने का अधिकार दे। मैं आपको गारंटी देता हूं कि मैं कालाबाजारी रोक कर दिखा दूंगा। नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी ने पिछले साल तीन सौ टन यूरिया भेजा और सभी का कालाबाजारी हो गया। एक साल के बाद भी उस यूरिया की जाँच की रिपोर्ट नहीं आयी है। क्या 15वीं लोकसभा समाप्त होने के बाद जांच रिपोर्ट आएगी या 16वीं लोकसभा में उसकी जांच की रिपोर्ट आएगी? हमें कम से कम यह बता दें। आज किसान मर रहा है लेकिन किसान के बारे में कोई नहीं सोच रहा है। वे 25 दिनों से धरणे पर बैठे हैं लेकिन वहां पर प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं गया है। मैं यह मांग करता हूं कि उनकी समस्याओं का जल्द निपटारा कराया जाए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: What do you want the Central Government to do?

श्री देवजी एम. पटेल : डीलर रात में फोन कर यह धमकी देता है कि कलेक्टर एवं सभी को मैंने खरीद लिया है।...(व्यवधान) यह बहुत गंभीर मामला है। मैं मांग करता हूं कि ऐसे मैटर के लिए केन्द्र एक जांच कमेटी गठित कर उसकी निष्पक्ष जांच करवाई जाए क्योंकि वहां के सभी अधिकारी पैसा खा कर गलत काम कर रहे हैं। इसलिए आपके माध्यम से मैं यहां पर मांग करता हूं कि आप मेरा सहयोग करें ताकि किसानों को न्याय मिले धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Sarvshri Govind Prasad Mishra and Arjun Ram Meghwal are permitted to be associated with the matter raised by Shri Devji M. Patel.